**दिनांक 17.04.2026 को प्रबंध निदेशक, वेजफेड की अध्यक्षता में सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ आहूत समीक्षा बैठक की कार्यवाही:-**

**उपस्थिति:-** पंजी के अनुसार |

सर्वप्रथम प्रबंध निदेशक, वेजफेड द्वारा सभी संघों के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी से उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर नए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया उसके उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी |

**बैठक के मुख्य बिंदु :-**

1. प्रबंध निदेशक, वेजफेड द्वारा बताया गया कि वेजफेड का मुख्य उद्देश्य सब्जी उत्पादक किसानों को उनके द्वारा उत्पादित सब्जियों का क्रय कर उसका उचित मूल्य दिलाकर उनकी आय में वृद्धि करना है , उनकी सब्जी ख़राब न हो इसके लिए विपणन की व्यवस्था करना तथा उपभोक्ताओं तक ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण सब्जी की आपूर्ति करना है | इसके लिए PVCS को सक्रिय कर सशक्त बनाने की आवश्यकता है अतः PVCS में सदस्यों की संख्या एवं ट्रांजेक्सन में वृद्धि किये जाने की आवश्यकता है |
2. यह भी बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री की सात निश्चय सबका सम्मान जीवन आसान के तहत वेजफेड की ओर से फार्म टू डेस्क योजना अंतर्गत हरित सब्जी संघ द्वारा PVCS से सब्जी क्रय कर विकास भवन, पटना में सरकारी कर्मी को उनके माँग के अनुरूप उनके डेस्क तक सब्जी की आपूर्ति की जा रही है | इसे विस्तारित करने एवं ऑनलाइन मोड में लाने हेतु PMC वेजफेड द्वारा इस पर कार्य किया जा रहा है |
3. PVCS स्तर पर किसानों से उनके द्वारा उत्पादित सब्जियों का प्रकार, मात्रा एवं उसके विपणन की व्यवस्था के की जानकारी प्राप्त की जाय इस हेतु PVCS स्तर पर सब्जी उत्पादक किसानों के समूहों के साथ माह में कम से कम दो बार एक बैठक किया जाय जिसमे उन्हें वेजफेड की योजनाओं की जानकारी दी जाय | जो किसान PVCS के सदस्य नहीं है उन्हें सदस्य बनाया जाय ताकि वे भी वेजफेड की योजनाओं से लाभान्वित हो सके |

   साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि भ्रमण के क्रम में जो भी पदाधिकारी PVCS में जाये उनके साथ सम्बंधित संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी भी जायें तथा वे PVCS के सारी गतिविधियों जैसे जमीन की उपलब्धता, योजना / संरचना निर्माण की प्रगति का निरीक्षण के साथ-साथ समिति में किसानों के साथ वार्तालाप कर उन्हें नियम एवं कानून की जानकारी प्रदान करें एवं PVCS को उचित मार्गदर्शन प्रदान करें, सभी प्रकार के अभिलेखों के संधारण एवं ट्रांजेक्सन की स्थित का भी अवलोकन किया जाय |
4. प्रबंध निदेशक, वेजफेड द्वारा बताया गया कि वेजफेड के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत के मुखिया एवं सरपंच को भी अवगत कराया जाय एवं ग्राम सभा के बैठक में भी वेजफेड के योजनाओं के सम्बन्ध में एक परिचयात्मक प्रस्तुतिकरण दी जाय ताकि योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहूँच सके |
5. PVCS में बुनियादी उपकरण उपलब्ध कराने की योजना अंतर्गत तिरहुत, हरित, मिथिला, मगध, भागलपुर, मुंगेर, सारण एवं शाहाबाद संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वेजफेड से उपलब्ध करायी गयी राशि के अनुसार नियमानुसार सम्बंधित PVCS में उपस्कर क्रय करा कर उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र वेजफेड को उपलब्ध कराया जाय |
6. किसानों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में बताया गया कि क्षेत्र में किसानों को प्रशिक्षण दिलाने हेतु संघ अपने स्तर से एक प्लान तैयार करें ताकि सभी सदस्य किसानों को प्रशिक्षित किया जा सके |

Sd/

Scanned with OKEN Scanner

7. मिर्च, प्याज एवं ओल के Hybrid किस्म के बीज वितरण की योजना पर चर्चा करते हुए प्रबंध निदेशक द्वारा बताया गया कि सम्बंधित संघों से प्राप्त आवेदन एवं माँग के अनुरूप उनको वेजफेड से राशि हस्तांतरित की गयी है | बीज आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त आवेदन एवं दर, किस्म, बीज उपलब्धता की सूची सम्बंधित संघों को उपलब्ध करा दी गयी है | अतः बीज आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त आवेदन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बीज क्रय करने हेतु सम्बंधित संघों को निदेश दिया गया | साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाय |

8. ऋण साथी योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि तिरहुत संघ अंतर्गत कुछ PVCS में यह योजना चलायी जा रही है | इसके तहत सब्जी उत्पादक किसान सदस्यों को सहकारी बैंक / अन्य छोटे फाइनेंस बैंक के माध्यम से कम ब्याज की दर पर ऋण उपलब्ध करायी जा रही है | इसे सभी सब्जी संघों द्वारा चलाया जाना चाहिए ताकि छोटे किसानों को आर्थिक सहायता मिल सके | साथ ही इसकी निगरानी भी की जाय ताकि पैसे का दुरुपयोग न हो | तिरहुत सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी |

9. मुंगेर एवं शाहाबाद सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उन्हें कार्यालय संचालन हेतु कर्मियों की आवश्यकता है | इस सम्बन्ध में वेजफेड के सम्बंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि इस हेतु सक्षम प्राधिकार को अनुरोध / स्मार पत्र दिया जाय | साथ ही मुंगेर संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पांच PVCS में आधारभूत संरचना निर्माण हेतु तीन दिनों में ले -आउट करा लें |

10. प्याज भण्डारण हेतु गोदाम निर्माण की समीक्षा के क्रम में तिरहुत सब्जी संघ के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि नानपुर PVCS का जमीन का प्रस्ताव यथा शीघ्र उपलब्ध करावें तथा इस सप्ताह के अंत तक कम से कम 07 PVCS में निर्माण कार्य पूर्ण करा लें | साथ ही साथ सभी सम्बंधित संघों को निदेश दिया गया कि ससमय सभी स्वीकृत PVCS में निर्माण कर पूर्ण करा लिया जाय एवं शेष PVCS हेतु संघ स्तर से मानक के अनुरूप भूमि उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित किया जा सके |

11. तरकारी आउटलेट निर्माण की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इसमे अपेक्षित नहीं हो रही है जिस पर खेद प्रकट किया गया एवं निदेश दिया गया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी स्वीकृत PVCS में तरकारी आउटलेट का निर्माण कराना सुनिश्चित किया जाय | शेष PVCS हेतु संघ स्तर से मानक के अनुरूप भूमि उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित किया जा सके |

12. आधारभूत संरचना निर्माण की समीक्षा के क्रम में प्रबंध निदेशक द्वारा बताया गया कि सभी स्वीकृत PVCS में निर्माण कार्य नियमानुसार पूर्ण करा लिया जाय एवं शेष PVCS हेतु संघ स्तर से मानक के अनुरूप भूमि उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित किया जा सके |

13. वेजफेड अंतर्गत संचालित योजनाओं में प्रगति लाने के उद्देश्य से सभी सम्बंधित राज्य प्रबंधक को निदेश दिया गया कि वे अपने प्रभार वाले योजनाओं की नियमित समीक्षा करें |

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया |

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार, पटना |

ज्ञापांक 457........ दिनांक 29.04.2026

प्रतिलिपि:- 1. सचिव, सहकारिता विभाग, के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित |

2.अध्यक्ष / मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित/तिरहुत/मिथिला/मगध/भागलपुर/मुंगेर/सारण एवं शाहाबाद सब्जी संघ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3.सभी सम्बंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वेजफेड अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को वेजफेड की वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।

6.श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,बिहार ,पटना।

Scanned with OKEN Scanner